रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 364] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 30, 2016/अश्विन 8 1938
No. 364] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 30, 2016/ASVINA 8, 1938

द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया

अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 सितंबर, 2016

सं.जी/18–सीडब्ल्यूए/9/2016.–– कॉस्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स अधिनियम, 1959 की धारा 18 की उपधारा 5 के अनुसरण में 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए संस्थान की परिषद की वार्षिक रिपोर्ट और उक्त संस्थान के लेखा परीक्षित लेखों को एतद्द्वारा सर्वसाधारण की सूचना हेतु प्रकाशित किया जाता है।

सीएमए कौशिक बनर्जी, सचिव

[विज्ञापन-III/4/असा./251(7)]

57वीं वार्षिक रिपोर्ट, 2015–16

दि काउंसिल ऑफ द इंस्टीटयूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया को इस संस्थान के भागों, समितियों, क्षेत्रों की उपलब्धियों और क्रियाकलापों तथा अध्यायों का उल्लेख करते हुए इस 57वीं वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। वर्तमान काउंसिल ने सीएमए पी.वी. भट्टड, अध्यक्ष, सीएमए मानस कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष तथा काउंसिल के अन्य सदस्यों की अध्यक्षता में 22 जुलाई, 2015 से अपनी यात्रा शुरू की ।

निदेशालय और इसके कार्यकलाप

1. लागत लेखांकन मानक बोर्ड (सीएएसबी)

सीएमए बलविन्दर सिंह, परिषद सदस्य की अध्यक्षता में वर्ष 2015–16 के दौरान लागत लेखांकन मानक बोर्ड की 7 (सात) बैठकें आयोजित की गईं और लागत लेखांकन मानकों (सीएसए) तथा मार्गदर्शी टिप्पणियों से संबंधित विभिन्न संगत मामलों पर विचार–विमर्श किया गया ।

बोर्ड ने वर्ष 2015–16 की अवधि के लिए रोडमैप को भी अंतिम रूप दिया, जिसमें पहले से जारी सीएएस में संशोधन, सीएएस की प्रस्तावना में संशोधन, नए सीएएस तथा तत्संबंधी मार्गदर्शी टिप्पणियों को तैयार करना शामिल है। बोर्ड ने इसकी संगत प्रस्तावना को भी संशोधित करने का अनुमोदन प्रदान किया, जिसे संस्थान के परिपत्र द्वारा अनुमोदित किया गया और हितधारकों की सूचना के लिए संस्थान की वेबसाइट पर डाला गया।

वर्ष 2015–16 की अवधि के दौरान, लागत लेखांकन मानक बोर्ड ने दो संशोधित मानकों; क्षमता निर्धारण के संबंध में लागत लेखांकन (सीएएस–2) (संशोधित 2015) को बदलकर क्षमता निर्धारण के संबंध में लागत लेखांकन मानक (सीएएस–2) (संशोधित 2015) और "ओवरहैड" (सीएएस–3) (संशोधित 2011) को बदलकर "उत्पादकता/प्रचालन ओवरहैड" के संबंध में लागत लेखांकन मानक (सीएएस–3)

(संशोधित 2015), जो दो नए मानकों; "अतिभार (ओवरवर्डन) को दूर करने की लागत" के संबंध में लागत लेखांकन मानक (सीएएस–23) तथा "लागत विवरणों में राजस्व व्यवहार" (सीएएस–24) को अनुमोदित किया। परिषद के अनुमोदन के बाद संस्थान द्वारा इन्हें जारी किया गया।

लागत लेखांकन मानक बोर्ड ने भी "क्षमता निर्धारण के संबंध में लागत लेखांकन मानक (सीएएस–2) (संशोधित 2015)", "मरम्मत और अनुरक्षण लागत पर लागत लेखांकन मानक (सीएएस–12)" तथा "कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) क्रियाकलापों के संबंध में लागत व्यवहार" तीन नए मार्गदर्शी नोट अनुमोदित करके जारी किए।

2. लागत लेखा परीक्षा एवं आश्वासन मानक बोर्ड (सीएएएसबी)

लागत लेखा परीक्षा और आश्वासन मानक बोर्ड ने सीएमए पी. राजू अय्यर की अध्यक्षता में वर्ष 2015–16 के दौरान 10 बैठकें की।

भारत सरकार, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने अपने दिनांक 10 सितंबर, 2015 के पत्र सं. 52/33/सीएबी/2013 के तहत कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 (3) के अंतर्गत निम्नलिखित लागत लेखा परीक्षा मानकों को केंद्र सरकार का अनुमोदन प्रदान किया गया:

- ✓ लागत विवरणों की एक लेखा परीक्षा की योजना के संबंध में लागत लेखा परीक्षा मानक – 101;
- ✓ लागत लेखा परीक्षा दस्तावेज के संबंध में लागत लेखा परीक्षा मानक– 102;
- ✓ स्वतंत्र लागत लेखा परीक्षक के समग्र उद्देश्यों और लागत लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार लेखा परीक्षा करने के संबंध में लागत लेखा परीक्षा मानक– 103; और
- ✓ कारोबार की जानकारी, इसकी प्रक्रियाओं और कारोबारी वातावरण के संबंध में लागत लेखा परीक्षा मानक– 104

बोर्ड ने दिनांक 5 और 6 अक्तूबर को हुई अपनी 21वीं बैठक में बोर्ड द्वारा जारी मानकों के नाम लागत लेखा परीक्षा के संबंध में मानक और इसके संक्षिप्त रूप से **एससीए** करने का निर्णय लिया। बोर्ड की प्रस्तावना में भी परिषद द्वारा अपनी 296वीं बैठक में संशोधन किया गया है।

3. गुणवत्ता समीक्षा बोर्ड (क्यूआरबी)

गुणवत्ता समीक्षा बोर्ड ने दिनांक 22 जुलाई, 2015 से दिनांक 21 जुलाई, 2016 की अवधि के दौरान 2 बैठकें कीं। बोर्ड का दिनांक 24 मई, 2016 को पुनर्गठन किया गया।

4. परीक्षा निदेशालय

परीक्षा वर्ष में दो बार अर्थात इंटरमीडिएट, फाइनल और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए माह जून और दिसंबर में आयोजित की गई, तथा वर्ष में चार अर्थात बुनियादी पाठ्यक्रम के लिए माह मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर में दिनांक 01 जून, 2015 की अवधि की परीक्षा दिनांक 11 से 18 जून, 2015 में और दिसंबर, 2015 की अवधि की परीक्षा 10 से 17 दिसंबर, 2015 तक आयोजित की गई।

तमिलनाडु और पांडिचेरी में भारी वर्षा होने के कारण परीक्षा का आयोजन नियत तारीखों को संभव नहीं हो सका था, इसलिए तमिलनाडु और पांडिचेरी के लिए संस्थान ने दिसंबर, 2015 की अवधि की परीक्षा दिनांक 03 जनवरी से 10 फरवरी, 2016 तक आयोजित की गई कैट की परीक्षा भी आईसीएआई इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षा के साथ–साथ आयोजित की गई।

कुल मिलाकर जून, 2015 और दिसंबर, 2015 की अवधि की परीक्षा के लिए क्रमशः 60757 और 45876 परीक्षार्थी थे। बुनियादी परीक्षा सफलतापूर्वक ऑनलाइन` माध्यम से आयोजित की गई। वर्ष के दौरान आयोजित बुनियादी परीक्षा का ब्यौरा इस प्रकार हैः

अवधि	विद्यार्थियों की संख्या	केंद्रों की संख्या
जून, 2015	4927	84
सितंबर, 2015	2507	77
दिसंबर, 2015	6739	86
मार्च, 2016	2234	73

5. अध्ययन और शिक्षाविद निदेशालय

टी एण्ड ई एफ समिति ने वर्ष 2015–16 के दौरान निम्नलिखित क्रियाकलाप पूरे किए :–

(i) अध्ययन निदेशालय – अध्ययन निदेशालय को छात्रों के प्रशासन और हितधारकों (अर्थात क्षेत्रीय परिषद/चैप्टर/सीएमएएससी) के साथ जन संपर्क से संबंधित क्रियाकलाप सौंपे गए हैं।

(ii) शैक्षणिक – शैक्षणिक विभाग को गुणतापरक सुधार और कौशल विकास उपायों के माध्यम से क्षमता निर्माण का कार्य सौंपा गया है।

कई क्रियाकलाप ऐसे थे, जो दोनों विभागों द्वारा संयुक्त रूप से सहयोग करके और प्रभावी पर्यवेक्षण करके पूरे किए गए।

प्रमुख क्रियाकलापः

- प्रशासन/पंजीकरण/पंजीयन की प्रक्रिया की सुविधाएं – ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों प्रकार के आवेदन
- कोचिंग और प्रशिक्षण का अद्यतन
- छूट प्रदान करना – कम्प्यूटर, सीएसएस, विषय
- अध्ययन सामग्रियों का भंडारण एवं वितरण
- विभिन्न निदेशालयों के साथ समन्वयन
- छात्रों के साथ संप्रेषण – भावी और पंजीकृत छात्र
- क्षेत्रीय परिषदों (आरसी), खंडों (चैप्टर), सीएमएएससी के साथ समन्वयन
- कैरियर परामर्श

इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम के लिए क्षेत्र–वार पंजीकरणः

वर्ष 2015–16 के दौरान पाठ्यक्रम 2012 के तहत 15,494 छात्रों को पंजीकृत किया गया।

वर्ष	डब्ल्यूआईआरसी	एसआईआरसी	ईआईआरसी	एनआईआरसी	कुल
2013–14	7,523	10,175	4,769	5,119	27,586
2014–15	5,194	8,733	3,273	3,803	21,003
2015–16	3306	7133	2378	2677	15,494

वर्ष 2015–16 के दौरान पाठ्यक्रम 2012 के तहत 11,932 छात्रों को पंजीकृत किया गया।

वर्ष	डब्ल्यूआईआरसी	एसआईआरसी	ईआईआरसी	एनआईआरसी	कुल
2013–14	3,043	4,734	2,476	3,669	13,922
2014–15	2,657	5,366	2,046	2,961	13,030
2015–16	2204	5442	1834	2452	11932

पाठ्यक्रम 2016

नया पाठ्यक्रम 2016 यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है कि यह पाठ्यक्रम छात्रों के अनुकूल हो और उद्योग की जरूरतों की पूर्ति हो सके। पाठ्यक्रम 2016 का कार्यान्वयन दिनांक 01 अगस्त, 2016 से किया जाएगा और पाठ्यक्रम 2011 के तहत पहली परीक्षा जून, 2017 में होगी। निदेशालय अध्ययन सामग्रियां तैयार कर रहा है और इसके लिए देश में ऐसी सर्वोत्तम प्रतिभाओं की सेवाएं लेने के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं, जो अपने विषय में विशेषज्ञ हैं।

6. आंतरिक शिकायत समिति

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के तहत वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने के संदर्भ में नियम 14 के तहत की गई परिकल्पना के अनुसार आईसीएआई की आंतरिक शिकायत समिति दिनांक 1.1.2015 से 31.12.2015 तक की अवधि की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना चाहती है, जो इस प्रकार है :–

वर्ष के दौरान (1 जनवरी, 2015 से 31 दिसंबर, 2015 तक) यौन उत्पीड़न की शिकायतों की संख्या	शून्य
वर्ष के दौरान (1 जनवरी, 2015 से 31 दिसंबर, 2015 तक) निपटाई गई शिकायतों की संख्या	एक*
90 दिनों से अधिक समय तक लंबित रहे मामलों की संख्या	शून्य
वर्ष के दौरान (1 जनवरी, 2015 से 31 दिसंबर, 2015 तक) यौन उत्पीड़न के संबंध में की गई कार्यशालाओं अथवा जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या	15 बैच
नियोक्ता द्वारा की गई कार्रवाई की प्रकृति	लागू नहीं

**नवंबर 2016 में प्राप्त एकमात्र शिकायत निर्धारित समय में अर्थात यौन उत्पीड़न के संबंध में आंतरिक शिकायत समिति को शिकायत प्राप्त होने के 90 दिनों के भीतर निपटाई गई।*

7. व्यावसायिक विकास निदेशालय (पीडी)

- मुख्यमंत्री, दिल्ली के समक्ष प्रतिनिधित्व किया।
- रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) के साथ सम्मिलन
- समसामयिक विषयों पर सम्मेलन
- सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और अन्य संगठनों के साथ प्रतिनिधित्व
- आंतरिक लेखा परीक्षा, विद्युत क्षेत्र, इंड–एएस का कार्यान्वयन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन इत्यादि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व किया।

8. विधिक विभाग

संस्थान का विधिक विभाग संस्थान के विभिन्न निदेशालयों और विभागों की विधिक सहायता संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद प्रदान करता है। वर्ष 2015–16 के दौरान विभाग के प्रमुख क्रियाकलाप इस प्रकार हैं :–

- वकीलों के साथ संपर्क/समन्वयन करना ।
- समग्र भारत आधार पर वकीलों की सूची तैयार करना ।
- समझौता ज्ञापन और विभिन्न करारों के मसौदों को तैयार करना।
- संपत्ति से संबंधित मामलों में चैप्टरों और अन्य विभागों के साथ समन्वयन करना।
- निविदा की निबंधन एवं शर्तों की पुनरीक्षा करना।
- विवाद की स्थिति में भेजे जाने वाले उत्तरों के प्रारूप को तैयार करना/पुनरीक्षा करना।
- कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय और अन्य प्राधिकारियों के साथ संपर्क/बातचीत करने के लिए संबंधित प्राधिकारी की मदद करना।
- आरटीआई मामले।

9. मानव संसाधन विकास

विगत वर्ष के दौरान, मानव संसाधन एवं प्रशासन निदेशालय ने मौजूदा कार्यबल की क्षमता और उत्तरदायित्व में वृद्धि करने के लिए निरंतर सुधार किए जाने पर बल दिया है, जिसने यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि हमारे पास एक उच्च निष्पादन देने वाला और मेहनती कार्यबल है, जो बेहतर परिणाम दे रहा है।

मानव संसाधन कार्यबल के मार्गनिर्देशन में मानव संसाधन और प्रशासन निदेशालय ने ऐसी प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रयास किए हैं, जिसमें कि संस्थान के सभी निदेशालयों/विभागों ने अपने महत्वपूर्ण निर्देशों तथा संबद्ध संगठनात्मक संरचनाओं की एक प्रमुख समीक्षा की है, जिसके परिणामस्वरूप जॉब के ब्यौरों सहित संशोधित मानव शक्ति नियत की गई है। पुनर्गठन की इस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप भी कई जॉब स्थितियों में परिवर्तन हुए हैं और मौजूदा कार्यबल का पुनर्गठन हुआ है, जो मौजूदा मानवशक्ति की क्षमता और उत्तरदायित्व में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा और संस्थान से छात्रों, सदस्यों तथा अन्य हितधारकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करेगा।

10. अनुसंधान एवं जर्नल निदेशालय

अनुसंधान निदेशालय के क्रियाकलाप

- सतत विकास के लिए पर्यावरणीय अनुकूलता के संबंध में गहन विचार–विमर्श
- अनुसंधान पर कार्यशाला : बुनियादी सामग्री एवं प्रश्न (सीरीज–I)
- स्वयं सहायता समूहों के लिए सामुदायिक लेखा परीक्षा शुरू करने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम
- स्वयं सहायता समूहों के लेखांकन और लेखा परीक्षा के संबंध में मार्गदर्शी अध्ययन और प्रशिक्षण कार्यक्रम
- राष्ट्रीय कौशल और उद्यमिता विकास कार्यक्रम
- पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ सूचना सहयोगी के रूप में भागीदारी – "चिकित्सा और स्वास्थ्य पर्यटन : असमाप्त एजेंडा"
- यूजीसी प्रायोजित कार्यक्रम
- एसोचैम के साथ सूचना सहयोगी के रूप में भागीदारी – "कारोबार करने में आसानी – असमाप्त एजेंडा"
- वित्तीय समावेशन पर गहन विचार–विमर्श
- बीएफएसआई में जोखिम प्रबंधन पर सेमिनार
- कौशल एवं उद्यमिता विकास के माध्यम से स्थायित्वता को बढ़ावा देने पर राष्ट्रीय सेमिनार
- अर्थव्यवस्था में कारपोरेट लाभप्रदता के लिए रोडमैप तलाशने के लिए राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन
- पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ सूचना सहयोगी के रूप में भागीदारी: भारतीय पर्यटन के नए चरण का शुभारंभ
- कारोबार और वित्तीय बाजार के विश्लेषण पर व्यावसायिकों और शिक्षाविदों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी)
- पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ सूचना सहयोगी के रूप में भागीदारी: पीएचडी ग्लोबल रेल कन्वेंशन

- "भारत में सिक्योरिटी बाजार – स्टार्ट अप की संभावना" पर राष्ट्रीय सेमिनार
- "स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण लागत प्रबंधन" के संबंध में चर्चा बैठक
- "उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में लागत प्रबंधन मामलों" के संबंध में चर्चा बैठक
- भारतीय लेखांकन एसोसिएशन अनुसंधान फाउंडेशन के सहयोग से "लागत प्रबंधन मामले" पर राष्ट्रीय सेमिनार
- अनुसंधान समाचार

क्रम सं.	अनुसंधान समाचार खंड सं.	माह व वर्ष
1	रिसर्च बुलेटिन खंड 41, सं. III	अक्तूबर, 2015
2	रिसर्च बुलेटिन खंड 41, सं. IV	जनवरी, 2016
3	रिसर्च बुलेटिन खंड 42, सं. I	अप्रैल, 2016

जर्नल निदेशालय के कियाकलाप

- यह जर्नल नियमित रूप से समय पर प्रकाशित किया जा रहा है।
- जर्नल के डिजाइन और ले–आउट में परिवर्तन किया गया है। इसकी विशेषताएं और इसकी सामग्री अत्यधिक सुरूचिपूर्ण ओर पेशेवरता से पूर्ण है। इसकी सदस्यों/अंशदाताओं द्वारा व्यापक तौर पर सराहना की गई है।
- हमारा प्रयास अपने जर्नल के गैर–सदस्यीय अंशदाताओं में वृद्धि करना है।
- डाक विभाग के साथ अनेक पत्राचार के बाद डाक प्राप्त न होने की शिकायतों मे काफी हद तक कमी आई है।
- निदेशालय के लिए अपनी वेबसाइट विकसित की जा रही है, जिसके माध्यम से जर्नल की ऑनलाइन बिकी, लेख प्रस्तुत करके, आयोजनों एवं कियाकलापों की घोषणा, ई–लाइब्रेरी सुविधा, पुराने अंकों का अभिलेखागार और इंटरनेट सुलभता के माध्यम से सामान्यतः उपलबध अन्य विभिन्न विशेषताएं उपलब्ध होंगी।
- पाठकों के लाभ के लिए जर्नल के कुछ अंकों में विभाग के अपनी अनुसंधान अन्तर्दृष्टि को शामिल करने के भी प्रयास किए गए हैं।
- इस प्रयास से डोरमेंट एनएमजे का पुनरुद्धार करने का अभियान जारी रहा और काफी एनएमजे इस प्रयास से सक्रिय भी हुए।
- जर्नल के स्वर्ण जयंती समारोह के आलोक में निदेशालय द्वारा इसके लिए कई सेमिनारों, बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।
- बैंकों, आरबीआई, आईआरडीए, सेबी, बीमा कंपनियों के प्रमुखों तथा विभिन्न उद्योग प्रमुखों को पूरक प्रतियां भेजने के लिए कारपोरेट डाटाबेस समय–समय पर अद्यतन किया जा रहा है। इससे हमें अपनी जर्नल की बाजार की स्थिति में सुधार करने में मदद मिलती है।
- हमने जर्नल की सामग्री में वृद्धि करने के लिए गुणवत्तापरक और संगत लेखों का चयन शुरू कर दिया है।
- कंपनियों और उद्योगों से विज्ञापन प्राप्त करने के प्रयास के रूप में, निदेशालय ने मेल, फोन कॉल और नियमित रूप से दिलचस्पी लेकर एक अभियान चलाया है। इस प्रयास को काफी समर्थन भी मिला है।

11. सूचना प्रौद्योगिकी विभाग

यह संस्थान अपने हितधारकों को सेवा प्रदान करने में सुधार लाने के लिए एक औजार के रूप में आईटी की सक्रिय रूप से तैनाती भी कर रहा है। सम्प्रेषण, एकीकरण और सूचना प्रसार में सुधार लाने के लिए आईटी का प्रभावी उपयोग करने के लिए इस वर्ष कई पहल प्रयास किए गए हैं।

आईटी विभाग ने इस वर्ष नेशनल कॉस्ट कन्वेंशन (एनसीसी) 2016 के लिए एक एंड्रॉयड ऐप विकसित करने और सदस्यों को एनसीसी के बारे में यथा समय अद्यतन प्रदान करने के लिए भी पहल शुरू की है। यह एनसीसी के लिए समर्पित वेबसाइट और प्रतिनिधि मंडलों के ऑनलाइन पंजीकरण के अलावा था। उद्योग समिति के सदस्यों ने भी आरसी और चैप्टर के लिए ऑनलाइन प्रणाली लागू करके "उद्योग पखवाड़े में सदस्य" से संबंधित प्रशासनिक क्रियाकलापों का प्रभावी प्रबंधन करने के लिए कार्यक्रमों के ब्यौरे, अनुमोदन प्राप्त करने और सदस्यों को सीईपी समय प्रदान करने के लिए आईटी के माध्यम से ऑटोमेशन का उपयोग किया।

संस्थान ने एसोचैम के सहयोग से स्थापित "एमएसएमई के विकास के लिए वास्तविक केंद्र" के लिए पोर्टल तैयार करने के लिए विकास सहायता भी प्रदान की।

आईटी विभाग ने लागत वर्गीकरण 2015, कारोबारी नियम तैयार करने, एमसीए–21 लागत वैधता उपाय की जांच करने और लागत वर्गीकरण 2015 के लिए मार्गदर्शी नियम पुस्तिका तैयार करने के लिए भी सक्रिय सहायता प्रदान की है।

12. सतत पेशेवर विकास और लागत प्रबंधन लेखांकन समिति

विभिन्न पहल–प्रयास किए गए हैं:

- सीईपी के तहत संस्थान के सभी सदस्यों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण हेतु दिशा–निर्देश
- संस्थान के सभी सदस्यों के लिए सीईटी अध्ययन केंद्रों के लिए दिशा–निर्देश
- क्षमता निर्माण – कार्यक्रम/वेबिनारों के लिए तकनीकी विशेषज्ञों के पैनल का निर्माण
- सतत शिक्षा कार्यक्रम
- वेबिनार
- संयुक्त कार्यक्रम
- अध्ययन केंद्र

13. लेखांकन तकनीशियन में प्रमाण–पत्र (कैट)

वर्ष के दौरान इस विभाग ने देश के हर भाग में कैट पाठ्यक्रम का विस्तार करने के लिए सतत आधार पर कई पहल–प्रयास किए गए हैं :

- बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद, असम द्वारा शामिल किए गए क्षेत्र में कैट पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी), असम की सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी) के रोजगार संबद्ध कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम (ईएलएसटीपी) के तहत कैट पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार की कौशल विकास योजना के तहत कैट पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना (डीडीयू–जीकेवाई) के तहत विभिन्न कौशल विकास परियोजनाओं के लिए परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) के रूप में पंजीकृत। यह ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है। इस पंजीकरण के साथ ही कौशल विकास योजना के तहत किसी भी राज्य में कैट पाठ्यक्रम प्रदान किए जा सकते हैं।

14. प्रशिक्षण एवं शिक्षा सुविधा समिति

- **ऑनलाइन प्रशिक्षण फार्म और छूट**

व्यावहारिक प्रशिक्षण योजना, जिसके तहत छात्रों को अंतिम परीक्षा में बैठने से पूर्व 6 माह का अनिवार्य प्रशिक्षण पूरा करना अपेक्षित होता है, से छात्र अपनी अंतिम परीक्षा पूरी करते समय उद्योग के लिए तैयार बनने में समर्थ हो गए हैं।

वर्ष के दौरान प्रशिक्षण से छूट/प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण किए गए विद्यार्थियों की प्रगति इस प्रकार है:

✓ प्रशिक्षण के लिए पंजीकृत किए गए विद्यार्थियों की संख्या – 894

✓ प्रशिक्षण से छूट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या – 1362

व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विगत वर्ष के दौरान 35 नई कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया है जिससे अब तक की कुल संख्या 706 हो गई है। सभी पैनलबद्ध कंपनियां छात्रों के लिए आसानी से शहर का चयन करने के लिए संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। छात्रों के साथ–साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए हाल ही में अर्हता प्राप्त इंटरमीडिएट छात्रों को डाटाबेस से लाभान्वित हुए हैं।

- **आईसीएमए – प्रशिक्षण**

जिन विद्यार्थियों ने कोई प्रशिक्षण नहीं लिया था अथवा उन्हें कार्य की कोई अनुभव नहीं था, उन्हें आईसीएमए प्रशिक्षण (आईसीएमएटी) के 100 घंटे पूरे करने का अवसर दिया गया था ताकि वे अंतिम परीक्षा में उपस्थित होने योग्य बन सकें।

यद्यपि, आईसीएमएटी छात्रों के लिए एक काम चलाऊ व्यवस्था है, लेकिन इसका परीक्षा की तैयारी करने की तकनीक के लिए अधिक उपयोग नहीं किया गया, जिसमें संकाय द्वारा प्रदान किए गए विषय और वेबिनार की गुणवत्ता पर विशेष बल दिया जाता है, जिसके लिए कराधान, लेखा कंपनी अधिनियम, बजट जैसे अभिज्ञात विशिष्ट क्षेत्र से फैकल्टी तथा पूंजी बाजार सहित नौकरियों और व्यावहारिक पहलुओं में सामने आ रही छात्रों की वास्तविक चुनौतियों को स्पष्ट करने वाले फैकल्टी थे।

15. प्रशिक्षण और प्लेसमेंट समिति के सेवारत सदस्य

उद्योग के साथ सशक्त संपर्क स्थापित करने के लिए उद्योग, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट में सदस्यों की समिति ने कई पहलें की थीं, जिसके उद्योग–संस्थान संबंधों पर स्पष्ट प्रभाव देखने को मिले हैं। मुंबई में एलुमिनी मीट भी आयोजित की गई जिसमें कि सदस्यों और उद्योग में कार्यरत लागत लेखाकारों ने परस्पर चर्चा की। उद्योग में सदस्य ऑनलाइन फार्म तैयार किए गए हैं और वेबसाइट पर डाल दिए गए हैं ताकि उद्योग में सदस्य और अर्हता प्राप्त लागत लेखाकार उन्हें भर सकें। अभी तक हमें उद्योग से 1635 डाटाबेस प्राप्त हुए हैं। समिति ने दिनांक 08 और 09 जुलाई, 2016 को तिरुअनंतपुरम में आयोजित "समावेशी विकास के लिए स्थायित्वता" विषय पर नव आगंतुक उद्योग सदस्यों की एक संगोष्ठि का भी आयोजन किया है। उद्योग से व्यापक प्रतिनिधित्व और संगत क्षेत्र में विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी चर्चा ने इस आयोजन को एक सफल प्रयास बना दिया।

16. सदस्यता विभाग

- **सदस्यता – एक डिजिटल उछाल**

सदस्य सेवाएं और सेवा समिति के मार्गनिर्देशन में सदस्यता विभाग ने सदस्यों और नए आवेदकों को अच्छी ऑनलाइन सेवा प्रदान करने के लिए प्रयास किया है। संस्थान की वेबसाइट पर सदस्यों की ऑनलाइन सेवा को अत्याधुनिक ऑनलाइन अनुभव प्रदान करने के लिए नियमित अद्यतन किया जाता है।

- **उपलब्ध ऑनलाइन सेवाः** सदस्यों और नए आवेदकों के लिए सभी आवेदन और अद्यतन मैनुअल प्रक्रिया प्रणाली के अलावा ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ऑनलाइन सुविधा https://cmaicmai-in पर उपलब्ध है।
- **प्रवेश किए गए सदस्य**

वर्ष	एसोसिएट	फेलो
2012 – 2013	1745	378
2013 – 2014	1906	366
2014 – 2015	2191	362
2015 – 2016	2570	586

- **संस्थान के सदस्यों के लिए हितकारी निधि (एमबीएफ):** विगत दो वर्षों के दौरान एमबीएफ की सदस्य संख्या प्रत्येक चार क्षेत्रों के लिए नीचे दी गई है :

17. अंतर्राष्ट्रीय कार्य विभाग

शामिल क्रियाकलापः

- ✓ एसएएफए आयोजन
- ✓ सीएपीए आयोजन
- ✓ जीसीसी सीएमए समिट
- ✓ एसीसीए
- ✓ आईएफएसी
- ✓ इंटरनेशनल समिट इत्यादि

18. अनुशासनिक निदेशालय

- **लागत एवं कार्य (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21 क के तहत अनुशासन बोर्ड**

  लागत एवं कार्य लेखाकार (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21 क के तहत संस्थान की परिषद द्वारा अनुशासन बोर्ड का गठन किया गया है। धारा 21 क में अन्य बातों के साथ–साथ यह प्रावधान है कि परिषद एवं अनुशासन बोर्ड का गठन करेगी, जिसमें कानून में विशेषज्ञता वाला एक सदस्य तथा अनुशासनिक मामलों और व्यवसाय का ज्ञान रखने वाला इसका अध्यक्ष, तथा ऐसे दो सदस्य शामिल होंगे जिनमें से एक परिषद का सदस्य होगा और दूसरा सदस्य लागत एवं कार्य लेखाकार अधिनियम, 1959 की धारा 16 की उप–धारा (1) के खंड (ग) के तहत नामित एक व्यक्ति होगा। अनुशासन बोर्ड की 10वीं बैठक दिनांक 20 जुलाई, 2016 को आयोजित की गई थी, जिसकी अध्यक्षता इस संस्थान के पूर्व अध्यक्ष सीएमए जे. के. पुरी द्वारा की गई।

- **लागत एवं निर्माण (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21ख के तहत अनुशासनिक समिति**

  संस्थान की परिषद द्वारा लागत एवं निर्माण लेखाकार (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 21ख के तहत अनुशासनिक समिति का गठन किया गया है। धारा 21 ख में अन्य बातों के साथ–साथ यह कहा गया है कि परिषद एक अनुशासनिक समिति का गठन करेगी, जिसमें परिषद के अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष को अध्यक्ष बनाया जाएगा और दो सदस्य केंद्र सरकार द्वारा नामित किए जाएंगे, जो कि कानून, अर्थशास्त्र, कारोबार, वित्त अथवा लेखाकरण के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति होंगे।

  समीक्षाधीन अवधि के दौरान, अर्थात दिनांक 22 जुलाई, 2015 से 21 जुलाई, 2016 तक की अवधि के दौरान अनुशासनिक समिति ने नवंबर, 2015, मार्च, 2016, मई, 2016 और जून, 2016 के दौरान 4 (चार) बैठकें कीं और लागत एवं कार्य लेखाकार (व्यावसायिक एवं अन्य दुराचरण और आचार व्यवहार की जांच की प्रक्रिया) नियामवली, 2007 के प्रावधानों के तहत अनेक शिकायतों और सूचनाओं पर कार्रवाई की। इन मामलों का निपटान करने में अनुशासनिक समिति ने समानता के सिद्धांत तथा प्राकृतिक न्याय का अनुसरण किया और शिकायतकर्ताओं/प्रतिवादियों को मौखिक अनुरोध करने, यदि कोई हो, के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पक्षकारों को सुनवाई का अवसर प्रदान किया। अनुशासनिक समिति ने समीक्षा वर्ष के दौरान एक (1) शिकायत और 2 (दो) सूचनाओं का निपटान किया।

19. अध्यक्ष का कार्यालय

दिल्ली और कोलकाता स्थित अध्यक्ष का कार्यालय संस्थान के विभागों और बाह्य एजेंसियों के साथ संस्थान के अध्यक्ष की ओर से विभिन्न क्रियाकलापों के समन्वयन का कार्य करता है। यह क्रियाकलापों में प्रत्यक्ष न होकर अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होता है। समन्वयन की सुविधा की दृष्टि से अध्यक्ष के कार्यालय द्वारा गई कार्रवाई की गई। विभाग ने भी परिषद सदस्यों, पूर्व अध्यक्षों और संस्थान के उच्चतर अधिकारियों द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों, जॉब तथा असाइनमेंट को पूरा किया है। कुछेक का मुख्य पहल–प्रयास इस प्रकार है:

- 57वां राष्ट्रीय लागत सम्मेलन
- आईईसी बैठकों के लिए समन्वयन
- मंत्रियों, सरकारी विभागों और एजेंसियों के साथ पत्राचार
- अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को तकनीकी सहायता
- संस्थान की सभी प्रमुख घटनाओं में सहायता

20. उन्नत अध्ययन निदेशालय

संस्थान द्वारा उन्नत अध्ययन निदेशालय का गठन किया गया है ताकि वित्त और अन्य संबद्ध क्षेत्रों सहित विभिन्न लागत और प्रबंधन लेखाकरण विषयों पर उन्नत ज्ञान और विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

निदेशालय हैदराबाद में स्थित है और संस्थान के सदस्यों को उन्नत पाठ्यक्रमों की तलाश, विकास तथा सुपुर्दगी प्रदान करता है तथा लागत और प्रबंधन लेखाकरण, वित्त और अन्य संबद्ध क्षेत्रों के डोमेन के तहत आने वाले क्षेत्रों में विशिष्ट प्रमाण–पत्र/अर्हता उपरांत पाठ्यक्रमों को तैयार और प्रारंभ करके क्षमता निर्माण के लिए प्रयासरत है।

उन्नत अध्ययन निदेशालय ने निम्नलिखित क्षेत्रों में उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम का दूसरा बैच शुरू किया है :

- कारोबार मूल्यांकन में डिप्लोमा
- आंतरिक लेखा परीक्षा में डिप्लोमा
- सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा और नियंत्रण में डिप्लोमा।

यह बैच माह नवंबर, 2015 में शुरू किया गया था और दूसरे बैच के लिए पहली परीक्षा माह दिसंबर, 2016 में आयोजित की जाएगी।

निदेशालय ने प्रबंधन लेखाकरण परीक्षा भी आयोजित करता है, जो कि वार्षिक है और केवल माह दिसंबर में आयोजित की जाती है।

यह निदेशालय अब समसामयिक हित के क्षेत्रों में सदस्यों को लाभान्वित करने के लिए अल्प आवधिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रहा है। इसके लिए तौर–तरीकों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। उन्नत अध्ययन निदेशालय उन्नत अध्ययन बोर्ड (बीओएएस) के योग्य मार्गनिर्देशन, निर्देशन और पर्यवेक्षण में संचालन कर रहा है।

21. बैंकिंग और बीमा समिति

- ✓ समिति ने "बीएफएसआई में जोखिम प्रबंधन" पर 3 परामर्शी बैठकें आयोजित की हैं। ये बैठकें कोलकाता, नई दिल्ली और चेन्नई में क्रमशः दिनांक 01 अक्तूबर, 2015, 20 नवंबर, 2015 और 30 मई, 2016 को सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी हैं।
- ✓ बैंकों में स्टॉक/सहमति/जोखिम आधारित लेखा परीक्षा करने के लिए आरबीआई को भेजने के लिए लागत लेखाकरण फर्मों का एक पैनल तैयार करने की पहल शुरी की गई है। इच्छुक फर्मों से कई आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके लिए आगे की कार्रवाई के लिए डाटा संचालित किए गए हैं।
- ✓ समिति के अध्यक्ष, सदस्य और सचिव तथा उपाध्यक्ष व्यवसाय की पहचान बढ़ाने, चर्चा करने और बैंकिंग व बीमा क्षेत्र में व्यवसाय के अवसर तलाशने के लिए निम्नलिखित प्राधिकारियों से मिलेः आईबीए के मुख्य कार्यकारी, सेबी के सीजीएम, एचडीएफसी के गैर–कार्यकारी अध्यक्ष, सीआईएल के मुख्य सम्मेलनों के प्रमुख, बीएसई के सीएफओ, भारत सरकार की टकसाल के जीएम, इंस्टीट्यूट ऑफ एक्चुअरीज ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, आरबीआई मुंबई के जीएम, राष्ट्रीय बीमा अकादमी निदेशक, एसएसबीएफ निदेशक, सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, एनआईबीएम के निदेशक, एनएसडीए, भारत सरकार के अध्यक्ष।
- ✓ विभिन्न बैंकों यथा पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा तथा यूको बैंक का दौरा करके उनकी सहमति और स्टॉक लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के लिए लेखा परीक्षाओं का पैनल बनाने संबंधी मामले पर चर्चा करने के लिए प्रतिनिधित्व किया गया। स्टॉक लेखा परीक्षा और बैंकों में लेखा परीक्षा सहमति के लिए पैनल बनाने के लिए लागत लेखाकारों और लागत लेखाकार फर्मों को शामिल करने के लिए प्रतिनिधित्व पत्र विभिन्न बैंकों को भी जारी किए गए।

- ✓ समिति ने एक तिमाही जर्नल "बैंकिंग और बीमा पर सीएमए जर्नल" प्रकाशित करने का निर्णय लिया है। उसमें विशेष रूप से बैंकिंग और बीमा क्षेत्र के मामले शामिल होंगे तथा सभी संबंधित उद्योगों, मंत्रालयों और अनुभव प्राप्त कर रहे सदस्यों को परिचालित किया जाएगा।
- ✓ "निधियों की मार्जिनल लागत पद्धति पर आधारित आधार दर की गणना संबंधी दिशा–निर्देशों के प्रारूप" के लिए संस्थान की राय और तत्संबंधी सुझाव यथा समय आरबीआई को भेजे गए थे।

22. कारपोरेट कानून, शासन और कारपोरेट स्थायित्वता समिति

कारपोरेट कानून सप्ताह (18 – 24 जनवरी, 2016) – विभिन्न चैप्टरों, क्षेत्रीय परिषद ने सप्ताह को मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। श्री केवीआर मूर्ति, संयुक्त सचिव, एमसीए द्वारा नई दिल्ली में कंपनी अधिनियम, 2013 में समसामयिक मामलों पर एक नॉलेज पैक जारी किया। चैप्टरों, क्षेत्रीय कार्यालयों तथा मुख्यालय के भी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था और उनके निषअपादन के आधार पर सर्वोत्तम चैप्टर और सर्वोत्तम क्षेत्रीय कार्यालय का समिति द्वारा चयन किया गया।

- ✓ **विश्व पृथ्वी सप्ताह (16 – 22 अप्रैल, 2016) –** श्री अनिल शिरोल, माननीय संसद सदस्य द्वारा पर्यावरणीय लेखांकन और लेखा परीक्षा में समसामयिक मामलों पर प्रथम नॉलेज पैक जारी किया। "स्थायित्वता लेखांकन और संसूचना में समसामयिक मामलों" नामक दूसरा नॉलेज पैक श्री स्टाथिस गौल्ड, प्रमुख, कारोबार में पेशेवर लेखाकार (पीएआईबी) तथा एकीकृत संसूचना – आईएफएसी द्वारा दिनांक 22 अप्रैल, 2016 को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एसएएफए–पीएआईबी बैठक में जारी किया गया। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों और सेमिनारों का आयोजन किया गया।
- ✓ **विश्व पर्यावरण सप्ताह (30 मई से 05 जून, 2016) –** माननीय श्री डीवी सदानंद गौड़ा, विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सोमवार दिनांक 30 मई, 2016 को नई दिल्ली में "पर्यावरणीय एवं स्थायित्वता लेखांकन" नामक नॉलेज पैक जारी किया गया।
- ✓ **एनसीएलटी माह (मई, 2016) –** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए चैप्टरों और क्षेत्रीय कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रबंधन लेखाकार लेख भी सदस्यों की ज्ञान वृद्धि के लिए प्रकाशित किए गए।
- ✓ **आंतरिक लेखा परीक्षा सप्ताह (26 जून से 02 जुलाई, 2016) –** "आंतरिक लेखा परीक्षा में अंतर्दृष्टि" नामक एक नॉलेज पैक जारी किया गया। समिति ने सदस्यों के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा वेबिनार का आयोजन किया गया।
- ✓ सदस्यों के क्षमता निर्माण के लिए समिति ने एनसीएलटी, दिवालिएपन और दिवालिएपन संहिता तथा अन्य संगत महत्वपूर्ण विषयों पर अनेक वेबिनार आयोजित किए।
- ✓ आंतरिक लेखा परीक्षा, एफीएमए, एनसीएलटी, फर्मों का पूर्व–प्रमाणन, एफईएमए, केएमपी इत्यादि सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रबंधन लेखाकार में कई लेख प्रकाशित किए गए।

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में, इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया

वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

1. हमने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (''संस्थान'') के संलग्न वित्तीय विवरणों जिनमें संस्थान की परिषद द्वारा नियुक्त किए जाने के बाद हमारे द्वारा लेखा परीक्षित 31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार तुलनपत्र और तत्समय समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा तथा नकद प्रवाह का विवरण और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सारांश तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचना, जिसमें संस्थान की परिषद द्वारा हमें लेखा परीक्षा के लिए नियुक्त किए जाने पर हमारे द्वारा लेखा परीक्षित, मुख्यालय के लेखों में 162.78 करोड़ रूपए की कुल परिसंपत्ति तथा 56.38 करोड़ रूपए (अंतरक्षेत्रीय/चैप्टर लेन देनों को छोड़कर) का कुल राजस्व समाविष्ट है। तीन क्षेत्रीय परिषदों नामतः डब्ल्यूआईआरसी, ईआईआरसी और एसआईआरसी के लेखापरीक्षित लेखा 30.95 करोड़ रू0 की कुल परिसंपत्तियां (और 4.0 करोड़ रू0 का कुल राजस्व) परिलक्षित कर रहे हैं । इसके साथ ही अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा की गई लेखा परीक्षा भी समाविष्ट है ।

एनआईआरसी के वित्तीय विवरणों को सुविज्ञ भारतीय महा सोलिस्टर जनरल के विचार के अनुसरण में संस्थान के समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल किया गया है ताकि यथा लेखापरीक्षित उक्त वित्तीय विवरणों को लेखा परीक्षित माना जा सके, हालांकि संस्थान की परिषद ने 19.9.2016 की अपनी 302वीं बैंठक में यह निर्णय लिया है कि एनआईआरसी के लेखाओं को गैर–लेखापरीक्षित माना जाए । इसलिए समेकित लेखाओं में चार्टड एकाउंटेंट की एक फर्म द्वारा लेखा परीक्षित उत्तर भारतीय क्षेत्रीय परिषद के वित्तीय विवरण शामिल हैं, जिनकी नियुक्ति विवादास्पद है जोकि 5.06 करोड़ रू0 की कुल परिसंपत्तियां (और 1.

62 करोड़ रू0 का कुल राजस्व) परिलक्षित कर रहे हैं और यह माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पारित दिनांक 15.07.2016 के एक आदेश के अध्यधीन हैं जिसमें उसने प्रतिवादियों को यह निर्देश दिया है कि इस संबंध में अन्य बातों के साथ लिया जाने वाले कोई निर्णय में 31.03.2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए वार्षिक रिपोर्ट को प्राप्त करने, 31.03.2016 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लेखा परीक्षित लेखाओं को अपनाने, वर्ष 2016–17 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की नियुक्ति करने से संबंधित निर्णय इस न्यायालय के आगे दिए जाने वाले आदेश के अध्यधीन होगा और जैसा कि लेखाओं पर टिप्पणियों की टिप्पणी सं0 7(5) पूर्णतः वर्णित किया गया है । समेकित वित्तीय विवरणों में आगे 41.41 लाख रू0 की राशि शामिल की गई है, जिसे अन्य प्राप्य राशियों के अंतर्गत दर्शाया गया है, जिसको परिषद द्वारा दिनांक 19.09.2016 की उसकी 302वीं बैठक में लिए गए तथा 07 मार्च, 2016 की 297वीं बैठक में लिए गए और 20 मार्च, 2016 को लिए गए निर्णय के बावजूद आय और व्यय लेखा के माध्यम से परिणत किए बगैर अन्य देयताओं में तद्नुरूपी क्रेडिट में शामिल किया गया है । इन आदेशों में यह निर्देश दिया गया था कि एनआईआरसी परिषद द्वारा निर्णय लिए जाने तक ऐसे डेबिट्स को हटा लेगी । उक्त डेबिट्स सहित एनआईआरसी के लेखाओं के ऐसे निगमन माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष दायर की गई रिट याचिका की विषयवस्तु है, जिसे पहले उल्लिखित किया गया है । इसके अतिरिक्त, इसमें 81 अध्यायों के वित्तीय विवरण शामिल हैं, जिनमें वे 4 अध्याय शामिल हैं जिन पर चैप्टर उप नियमों के खंड 12 (3) (iii) के तहत कोषाध्यक्ष ने हस्ताक्षर नहीं किए हैं तथा संबंधित क्षेत्रीय परिषदों और आई सी डब्ल्यू ए विनियम, 1959 के विनियम 133 तथा संस्थान की अध्याय उप विधि के खंड 26 के अनुसार शासी निकाय द्वारा नियुक्त लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित 78.00 करोड़ रूपए की कुल परिसंपत्ति और 20.93 करोड़ रूपए के राजस्व को प्रदर्शित किया गया हैं, जिनकी रिपोर्टें संस्थान के प्रबंधन द्वारा हमें प्ररुतुत की गई हैं। 7 अध्यायों की लेखा परीक्षा नहीं हुई है, जिसमें 0.66 करोड़ रू0 की कुल परिसंपति और 0.26 करोड़ रू0 का राजस्व दर्शाया गया है ।

समेकित वित्तीय विवरणों में 8 अध्यायों की विवरणियां शामिल नहीं हैं, जिसके लिए लेखा परीक्षित लेखा प्राप्त नहीं हुए हैं । इस संबंध में विगत वर्ष 2014–15 के तुलन पत्र के आंकड़े शामिल किए गए हैं । हमने अनुसूची 15 की टिप्पणी ख–1 के अधीन और उपर्युक्तानुसार यह रिपोर्ट तैयार करने में क्षेत्रों और चैप्टरों के लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर विधिवत विचार किया है।

2. वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेवारी

प्रबंधन भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेवार है । इस जिम्मेवारी में ऐसे वित्तीय विवरण, जो धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण वास्तविक गलत बयानी से मुक्त हैं, को तैयार करने के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण को तैयार करना, उसका कार्यान्वयन करना और रखरखाव करना शामिल है ।

3. लेखा परीक्षक की जिम्मेवारी

3.1 हमारी जिम्मेवारी हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने की है । हमने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है । इन मानकों में यह अपेक्षित है कि हम इस बात का उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए कि क्या वित्तीय विवरण वास्तविक गलत बयानी से मुक्त हैं, नैतिक अपेक्षाओं का पालन करते हैं और लेखा परीक्षा की योजना बनाकर उसे संपन्न करते हैं ।

3.2 किसी लेखा परीक्षा में वित्तीय विवरणों में धनराशि एवं प्रकटनों के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने की निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल होती हैं । चुनी गई प्रक्रियाएं धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण वित्तीय विवरणों में वास्तविक गलत बयानी के जोखिम के निर्धारण सहित लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर होती हैं । इन जोखिमों का निर्धारण करने में लेखा परीक्षक कंपनी द्वारा वित्तीय विवरणों को तैयार करने और उन्हें निष्पक्ष ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण पर विचार करता है ताकि उन परिस्थितियों में उचित लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं तैयार की जा सकें । किसी लेखा परीक्षा में प्रयुक्त लेखा नीतियों के औचित्य तथा प्रबंधन द्वारा लगाए गए लेखा अनुमानों की तर्कसंगतता एवं वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतिकरण का मूल्यांकन भी शामिल होता है ।

3.3 हमारा विश्वास है कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है, वह उपर्युक्त पैरा 1 में व्यक्त किए गए हमारे अभिमतों और निम्नलिखित पैरा 4 में दिए गए अभिमतों के साथ पठित हमारी लेखा योग्य परीक्षा राय का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

4. योग्य मत का आधार

4.1 7 चैप्टरों और 1 क्षेत्रीय परिषदों से संबंधित 57.73 लाख रूपए मूल्य के फ्रीहोल्ड तथा पट्टे वाली भूमि और भवनों के संबंध में कोई हस्तांतरण विलेख हमारे सत्यापन के लिए उपलब्ध नहीं कराया गया । 10 चेप्टरों और 3 क्षेत्रीय परिषद से संबंधित 107.99 लाख रूपए मूल्य के मूल हस्तांतरण विलेख प्रस्तुत नहीं किए गए । 183.40 लाख रूपए मूल्य की 15 संपत्तियों के विलेख कास्ट एंड वर्क्स एकाउंटेंट्स रेगुलेशन 1959 के विनियम 85 (1) (ई) एवं 99 (एफ) के उल्लंघन में अभी भी चेप्टरों के नाम पर हैं जिसमें 172.08 लाख रू0 मूल्य की 13 संपत्तियां शामिल हैं, (जिनके लिए मूल हस्तांतरण विलेख प्रस्तुत नहीं किए गए हैं)।

4.2 इंदौर देवास चैप्टर से संबंधित भूमि और भवन का मूल पट्टा विलेख नई समिति के कब्जे में नहीं है क्योंकि यह अभी उन्हें सौंपे नहीं गए हैं।

4.3 संस्थान ने कुछ सी और डी श्रेणी के चैप्टरों को 21.60 लाख रुपए तक (अधिकतम 8000 रुपए प्रति माह की दर पर) स्थापना और अन्य प्रशासनिक अनुदान तथा 15.17 लाख रुपए का वार्षिक सदस्यता शुल्क (200 रुपए का सदस्य की दर से) प्रदान किया है। पूरे विवरण न होने के कारण यह पता नहीं लगाया जा सका कि इस संबंध में समग्र देनदारी निर्धारित की गई है और प्रदान की गई है।

4.4 पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद (डब्ल्यूआईआरसी)

4.4.1 संस्थान ने दिनांक 31.03.2014 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण पर दिनांक 21 जुलाई, 2014 की हमारी रिपोर्ट के पैरा 4.3.1 से 4.3.3 में हमारी योग्यता के संदर्भ में एक विशेष लेखा परीक्षा आयोजित करने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की एक फर्म को नियुक्त किया है। विशेष लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में परिषद द्वारा नियुक्ति की गई एक कार्यान्वयन समिति द्वारा विचार किया गया है, जिसकी सिफारिशें और/अथवा परिषद द्वारा की गई कार्रवाई कार्यान्वयन की प्रक्रिया में है, जिसके पूरी तरह कार्यान्वित किए जाने पर यह संगत अधिनियमों और विनियमों, जिसमें सीडब्ल्यूए अधिनियम और विनियम शामिल हैं, के अनुसार अनुपालन और परवर्ती देनदारियों, जिनमें आयकर की दृष्टि से उत्पन्न होने वाली देनदारियां शामिल हैं, जिन्हें न तो निर्धारित किया गया है और न ही प्रदान किया गया है, जोकि आयकर की दृष्टि से उत्पन्न हो सकता है ।

4.4.2 अनुसूची 15 की टिप्पणी सं. ख 7 (ii) (ख) और टिप्पणी सं. ख 7 (ii) (ग) की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जो कि 20.77 लाख रुपए की राशि वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए डब्ल्यूआईआरसी के तत्कालीन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष से तथा 0.81 लाख रुपए की राशि कुछेक परिषद सदस्यों से कुछ अनाधिकृत भुगतान किए जाने पर वसूल किए जाने के संबंध में है और साथ ही 67.30 लाख रुपए की राशि का दावा कुछ ठेकेदारों से किया गया है, जिनकी वसूली अनिश्चित है और जिसके लिए अलग से कोई प्रावधान नहीं रखा गया है, क्योंकि इसी राशि को सस्पेंस अकाउंट में सीधे जमा मान लिया गया है।

4.4.3 डब्ल्यूआईआरसी के वार्षिक रिपोर्ट के पैराग्राफ 5.3 से यह नोट किया जाता है कि कॉस्ट एकाउंटेंट्स की एक फर्म को डब्ल्यूआईआरसी की फॉरेंसिक लेखा परीक्षा करने के लिए नियुक्त किया गया है । हमारा अनुरोध करने के बावजूद भी हमें कार्य के क्षेत्र तथा अन्य शर्तों के बारे में कोई विवरण प्रकट नहीं किया गया है । इसलिए, हम ऐसी फॉरेंसिक लेखा परीक्षा के प्रयोजार्थ और यदि इसमें शामिल किए जाने वाले लेनदेन कपटी प्रकृति के हैं तो कोई भी टिप्पणी प्रस्तुत करने की स्थिति में नहीं है । संस्थान के वित्तीय विवरणों की ऐसी लेखा परीक्षा के प्रभाव अथवा महत्व का इस चरण में निर्धारण नहीं किया जा सकता है ।

4.5 पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषदः

(क) विगत वर्ष के दौरान संस्थान ने दिनांक 31.03.2014 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण पर दिनांक 21 जुलाई, 2014 की हमारी रिपोर्ट के पैरा 4.4 में हमारी योग्यता के संदर्भ में एक विशेष लेखा परीक्षा आयोजित करने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की एक फर्म को नियुक्त किया है, विशेष लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में परिषद द्वारा नियुक्त की गई एक कार्यान्वयन समिति द्वारा विचार किया गया है जिसने यह उल्लेख किया है कि विभिन्न महत्वपूर्ण फाइलें और दस्तावेज ईआईआरसी कार्यालय में उपलब्ध नहीं थे और यह सिफारिश की कि उपयुक्त जांच के लिए पुलिस में एफआईआर दाखिल की जाए और ईआईआरसी तथा तत्काल पूर्ववर्ती अध्यक्ष से गुम फाइलों, दस्तावेजों के संबंध में स्पष्टीकरण मांगने सहित कार्रवाई की जाए तथा यह स्पष्ट किया जाए कि किन परिस्थितियों में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बिना और अपेक्षित दस्तावेजों के बिना 51.34 लाख रुपए की धनराशि का भुगतान किया गया। इस संबंध में विभिन्न सिफारिशें और की जाने वाली कार्रवाई के संबंध में हमें यह सूचित किया गया कि कार्यान्वयन की प्रक्रिया जारी है। ऐसे कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप हम यह कहने की स्थिति में नहीं हैं कि क्या की गई अनियमितताओं का ऐसा कार्यान्वयन पूरा होने पर क्षेत्र की वित्तीय स्थिति से कोई संबंध नहीं है।

(ख) शेष पूंजीगत कार्य, जो प्रगति पर है, में 1,60,44,103.00 रुपए राशि का प्रमुख नवीनीकरण का कार्य है जो विगत वर्ष से आगे नहीं बढ़ा है। इसमें कई राजस्व की छोटी मदें शामिल हैं, जो चार्ज ऑफ हो गई होंगी और शेष राशि पूंजीकृत हो गई होगी। यद्यपि, उसे उपयोग में लाया गया है, परिसंपत्तियां न तो पूंजीकृत की गई हैं और न ही विगत दो वर्षों से मूल्यह्रास प्रदान किया गया है। यह राजस्व व्यय के अल्प विवरण का प्रभाव है, जिसकी मात्रा निर्धारित नहीं की गई है।

(ग) हमने यह नोट किया है कि ईआईआरसी के लेखा परीक्षाओं ने अपनी रिपोर्ट में इन मामलों के संबंध में कोई योग्यता नहीं बताई है।

4.6 उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद (एनआईआरसी)

लेखा परीक्षक मै0 महेश के. अग्रवाल एंड कंपनी की नियुक्ति विवादास्पद है । तथापि, जैसाकि विद्वान सोलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया का विचार है, एनआईआरसी के लेखाओं को लेखा परीक्षित लेखा माना जाए । चूंकि उक्त फर्म द्वारा जिसकी नियुक्ति विवादास्पद है, लेखा परीक्षित एनआईआरसी के वित्तीय विवरण हमको भेज दिए गए हैं । हमने इनके समेकन पर विचार किया है । हमारे द्वारा इन पर की गई टिप्पणियां निम्नानुसार हैंः–

4.6.1 आईसीएआई की क्षेत्रीय परिषद की कार्यकारी समिति की दिनांक 06 अक्टूबर, 2015 को हुई उसकी बैठक में निम्नोक्त संकल्प पारित किया गया थाः

''संकल्प है कि 4144422/– की राशि (41 लाख चवालिस हजार चार सौ बाइस रूपए की राशि) को सीएमए विजेन्द्र शर्मा के डेबिड डाला जाए, जिसके ब्यौरे प्रस्तुत किए गए हैं और अध्यक्ष एनआईआरसी से अनुरोध है कि वे 45 दिनों के भीतर इस आशय की डेबिड टिप्पणी जारी करें, जिसमें कर्मचारियों को यह अनुदेश निहित हों कि वे सुनील सिंह, सचिव, और अनिल शर्मा, कोषाध्यक्ष, के परिवेक्षण के अंतर्गत उसको लेखाओं के संबंधित शीर्षों में जमा कर दें'' ।

इसकी आगे संपुष्टि क्षेत्रीय परिषद ने 22.11.2015, 27.11.2.15 और 25.05.2016 को हुई अपनी बैठकों में कर दी है ।

इसके बाद, संस्थान के सचिव को दिनांक 9.5.2016 का एक पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें उन्होंने एनआईआरसी को निर्देश दिया था कि वह तब तक डेबिड नोट को वापस ले ले, जब तक कि परिषद इस मामले में अंतिम रूप से निर्णय नहीं ले लेती है ।

परिषद के अंतिम निर्णय/निष्कर्ष के लंबित रहने तक तथा प्राप्य राशि के दावों के संबंध में अनिश्चिंतता बने रहने तक कार्यकारी परिषद की 6.10.2015 की बैठक का संकल्प तथा आरसी की दिनांक 22.11.2015, 27.11.2015 और 25.05.2016 की बैठक में इस डेबिड टिप्पणी की संपुष्टि की गई है । इसके कारण प्रविष्टियों को पूर्णतः प्रभावी नहीं किया गया है और क्षेत्रीय परिषद ने ''41,44,422 रू0 की दावे की प्राप्य राशि को दावे के स्थगन खाते में तद्नुरूप से जमा कर दिया है । जैसाकि, क्षेत्रीय परिषद ने दिनांक 22.11.2015, 27.11.2015 और 25.05. 2016 को हुई अपनी बैठकों में पारित और अनुमोदित किया है'' । परिसंपत्तियों और देयताओं को उच्चतर सीमा तक बतलाया गया है (जिसके लिए लेखाओं की टिप्पणी सं0 6 (क) और (ख) को देखें) ।

4.6.2 मुख्यालय के साथ जब तक समाधान नहीं हो जाता, तब तक लेखाओं की टिप्पणियों की टिप्पणी सं0 ख (1)(क) और(ख) में उल्लिखित अनुसार, कुछ अध्यायों तथा प्राप्त करने योग्य गैर–वसूली परिदान की संपुष्टि नहीं की जाती है क्योंकि हम भविष्य में क्षेत्रीय परिषद के वित्तीय विवरणों में, यदि कोई हो, उसके प्रभाव के बारे में टिप्पणियां करने में असमर्थ हैं ।

4.6.3 जैसा कि लेखाओं की टिप्पणियों की टिप्पणी सं0 ख(3) में बताया गया है, प्राप्त करने योग्य और देय लेखाओं से 31.03.2016 तक की स्थिति के अनुसार अधिशेष की संपुष्टि प्राप्त नहीं हुई है, इसलिए इस चरण में संपुष्टि की प्राप्ति पर किसी प्रकार का कोई प्रकटन के बारे में हम कोई टिप्पणी प्रस्तुत नहीं कर सकते हैं । हमारा यह विचार एनआईआरसी के लेखा परीक्षक द्वारा ऐसे योग्य विचार के अनुसरण में है, जोकि ऐसी टिप्पणियों पर भी आधारित है ।

4.6.4 संस्थान की परिषद ने 07 नवंबर, 2015 को हुई अपनी 296वीं बैठक में हमसे अपने 3 दिसंबर, 2015 और 9 मई, 2016 के पत्रों द्वारा अनुरोध किया था कि वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में एनआईआरसी के लेखा परीक्षक की योग्यता तथा वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिए एनआईआरसी के गैर–हस्ताक्षरित बहुचरों की स्थिति की पुनरीक्षा करें तथा अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करें ।

हमने एनआईआरसी के उक्त लेखा परीक्षकों की वित्तीय वर्ष 2014–15 (जिनकी नियुक्ति विवादास्पद है) द्वारा अर्जित की गई योग्यताओं और वित्तीय वर्ष 2013–14 तथा 2014–15 के लिए गैर–हस्ताक्षरित बहुचरों की स्थिति की समीक्षा की है तथा अपनी समीक्षा रिपोर्ट 18 जुलाई,

2016 को संस्थान के अध्यक्ष को प्रस्तुत कर दी है जिसमें हमने उपरोक्त के संबंध में विस्तृत लेखा परीक्षा मत प्राप्त करने के लिए विशेष लेखा परीक्षा करने की सिफारिश की है । ऐसी विशिष्ट लेखा परीक्षा के लंबित रहने तक वित्तीय विवरणों को प्रभावी नहीं माना गया है, जोकि निवल परिसंपत्तियों की स्थिति और 31.3.2016 को समाप्त हुए वर्ष के परिणामों को को प्रभावित कर सकते हैं जबकि यह रिपोर्टें प्राप्त हुई थीं ।

4.7 37,58,088 रुपए की राशि क्षेत्रीय परिषदों से चैप्टरों द्वारा प्राप्त भवन निर्माण के लिए अग्रिम/ऋण राशि के अंतर्गत दर्शाई गई है, जो कि दिनांक 30.12.2010 की परिषद की 266वीं बैठक में लिए गए निर्णय के उल्लंघन में है। इसके अलावा, 2,25,000 रुपए की राशि, जो पहले 3,00,000 रुपए थी कानपुर चैप्टर से बकाया है जिसकी पुष्टि करके मिलान किया जाना है।

क्षेत्रीय परिषदों द्वारा चैप्टरों को प्रदान किए गए ऋणों के संबंध में संबंधित लेखा परीक्षाओं द्वारा पूर्ण ब्यौरे और टिप्पणियां न दिए जाने पर हम यह कहने की स्थिति में नहीं हैं कि क्या ऐसे ऋण परिषद द्वारा समय–समय पर लिए गए निर्णयों के अनुसार प्रदान किए गए थे।

4.8 लेखाओं की टिप्पणियों (अनुसूची 15) की टिप्पणी सं. 14 की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है, जो कि संस्थान के मुख्यालय द्वारा क्षेत्रीय/चैप्टर लेखा परीक्षकों को समेकन के प्रयोजन से भेजे गए कुछेक फार्मों के उपलब्ध न होने के संबंध में है। चूंकि उपरोक्त चैप्टरों के संबंधित लेखा परीक्षकों ने यह सूचित किया है कि चैप्टरों के लेखा परीक्षित लेखा से वित्तीय विवरणों की सच्ची और निष्पक्ष तस्वीर प्रकट हो रही है, इसलिए हमने ऐसे लेखा परीक्षकों द्वारा लेखांकन मानकों और विशेष योग्यता के अभाव में ऐसी रिपोर्ट पर भरोसा किया।

4.9 संस्थान के मुख्यालय ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान विभिन्न मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को जारी करके विभिन्न नियंत्रण उपायों को व्यवस्थित करने के लिए कदम उठाए हैं लेकिन लेखा परीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में कई क्षेत्रों में कमियां पाई गईं हैं जैसे अध्ययन निदेशालय के अनुमोदन के बिना चैप्टरों द्वारा पाठ्यक्रम चलाना, आरसी द्वारा चैप्टरों को ऋण देना, समिति के सदस्यों से अग्रिम लेना, अधिक नकदी शेष रखना, चैप्टरों द्वारा बजट प्रस्तुत नहीं करना, समिति के सदस्यों को ऋण देना, बजट से अधिक व्यय करना, समिति के सदस्यों को फैकल्टी पारिश्रमिक देना, म्युच्युअल फंड में धनराशि का निवेश करना, विभिन्न भुगतानों के लिए स्रोत पर कर की कटौती न करना, सीडब्ल्यूए अधिनियम और विनियमनों का उल्लंघन करना शक्तियों के प्रत्यायोजन का उल्लंघन करना तथा खरीद प्रक्रिया से जानबूझकर बचना इत्यादि। मुख्यालय और विभिन्न चैप्टरों की आंतरिक लेखा परीक्षा संस्थान की प्रकृति और आकार के अनुसार नहीं पाई गई। विधिक और विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन में आंतरिक नियंत्रण को पर्याप्त रूप से सुदृढ़ किए जाने की जरूरत है।

4.10 क्षेत्रीय परिषदों और चैप्टरों से क्षेत्रीय परिषदों और चैप्टरों के पास चालू खाते के तहत दर्शाई गई 102.17 लाख रुपए की राशि के लिए कोई भी पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है।

5. राय :

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम सूचना के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उपर्युक्त पैरा 1 में दी गई हमारी टिप्पणियों के अध्यधीन और "योग्य मत का आधार पैरा" के लिए पैरा 4 में वर्णित मामलों के संभावित प्रभावों के अध्यधीन और उनके सिवाय तथा महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों व अनुसूची 15 में दी गई लेखाओं संबंधी टिप्पणियों के साथ पठित निम्नांकित पैरा 6 में दी गई हमारी टिप्पणियों के अनुसार, 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के वित्तीय विवरण यथा अपेक्षित पद्धति में अधिनियम द्वारा अपेक्षित सूचना देते हैं और भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सत्य एवं स्पष्ट मत देते हैं:

(क) दिनांक 31 मार्च, 2016 को संस्थान के कार्यों की स्थिति के तुलन–पत्र के मामले में; (ख) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखे, आधिक्य के मामले में; और (ग) उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए नकद प्रवाह के नकद प्रवाह विवरण के मामले में।

6. अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

6.1 अनेक कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति उपरांत के लाभों के संबंध में देनदारियां न तो निर्धारित की गई हैं और न ही चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी एएस 15 में यथा अपेक्षित जानकारी प्रदान की गई है।

6.2 कुछ मामलों में धारा 194आई और 194जे के तहत टीडीएस नहीं दिया गया है।

उपरोक्त के अध्यधीन हम यह उल्लेख करते हैं कि :

(क) हमने वे सभी सूचना और स्पष्टीकरण मांगे हैं और प्राप्त कर लिए हैं, जो हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक थे;

(ख) हमारी राय में कानून के अनुसार यथा अपेक्षित समुचित लेखा बहियां दि इंस्टीट्यूट ऑफ कोस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा रखी गई हैं, जैसा कि इन बहियों की हमारी जांच से स्पष्ट है (और हमारी लेखा परीक्षा के प्रयोजन से क्षेत्रों और जिन चैप्टरों का हमने दौरा नहीं किया है, वहां से समुचित रिटर्न प्राप्त हो गए हैं, जब तक कि उपरोक्त पैरा 1 और 4.8 में अन्यथा न कहा जाए)

(ग) संबंधित क्षेत्रों और चैप्टरों के लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षित, संस्थान के क्षेत्रीय और चैप्टर कार्यालयों के लेखों की रिपोर्ट जैसा हमें प्राप्त हुई थी, इस रिपोर्ट को तैयार करने में समुचित विचार किया गया है।

(घ) उपरोक्त पैरा 1, 4 और पैरा 6 में हमारी टिप्पणियों के अध्यधीन इस रिपोर्ट में तुलन पत्र, आय और व्यय लेखा तथा नकद लेन–देन विवरण क्षेत्रों व जिन चैप्टरों का हमने दौरा नहीं किया है, उनसे प्राप्त लेखा बहियों और रिटर्न के अनुसार है और लेखांकन मानकों को पूरा करते हैं;

कृते के.एस. अय्यर एंड कं.

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स

(एफआरएन. 100186 डब्ल्यू)

स्थानः कोलकाता,

दिनांकः 29 सितंबर, 2016

एस. घोष एफसीए

(एम. नं. 050927)

दि इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया

दिनांक 31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र

